| |
|---|
| दिनाक 26.01.2021 |
| प्रेस विज्ञप्ति–26/21 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा गणतन्त्र दिवस–2021 के अवसर पर किया गया ध्वजारोहण

श्री एच0सी0 अवस्थी, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत निर्गत गाइड लाइन्स के क्रम में आज दिनांक 26 जनवरी, 2021 को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर विस्तार के प्रांगण में **गणतन्त्र दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए भारतीय गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया गया **''हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प लेते हैं।''**

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि:–

72वें गणतन्त्र दिवस पर मैं आप सबको एवं प्रदेश के सभी पुलिस जनों को हार्दिक बधाई देता हॅू। इस अवसर पर प्रदेश पुलिस के 08 कार्मिकों को वीरता के लिये पुलिस पदक, 07 को विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 72 को सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक, 50 को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 199 को सराहनीय सेवा

सम्मान चिन्ह, 409 कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक के हीरक, स्वर्ण एवं रजत प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये गये हैं। इन सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारों को भी मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

आज का दिन हमें राष्ट्रगौरव एवं आत्माभिमान की अनुभूति कराता है, आज ही के दिन वर्ष 1950 में भारत देश का संविधान अंगीकृत किया गया था। शोषणमुक्त तथा भेदभाव रहित समाज बनाने की संरचना के साथ देश को एक प्रभुत्व सम्पन्न लोकतान्त्रिक गणराज्य बनाने का संकल्प भी लिया गया था।

बीता वर्ष वैश्विक महामारी कोविड–19 से प्रभावित रहा है, हमारे पुलिस के जवानों ने सदैव तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। पुलिस कर्मियों द्वारा ''कोरोना वॉरीयर्स'' के रूप में अभूतपूर्व योगदान किया गया है। आज भी हमारे जवान कोविड–19 की रोकथाम हेतु कोरोना वैक्सीनेशन के कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग से अपना योगदान दे रहे हैं।

गत वर्ष अयोध्या में राममंदिर शिलान्यास कार्यक्रम, अमेरिकी राष्ट्रपति का आगरा भ्रमण, विधानसभा उपनिर्वाचन एवं अन्य महत्वपूर्ण त्यौहार एवं विभिन्न कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुये हैं।

पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये प्रभावी प्रयासों से प्रदेश में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनी रही है। अपराधों के शत–प्रतिशत पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है। प्रभावी पैरवी एवं अभियोजन से माननीय न्यायालयों द्वारा अपराधियों को कठोर दण्ड से दण्डित भी कराया गया है। सोशल मीडिया पर निरन्तर सक्रियता से भी अपराधों एवं अफवाहों पर नियन्त्रण स्थापित हुआ है।

महिला अपराध रोकथाम एवं जागरूकता हेतु प्रदेश में चलाये गये एन्टी रोमियों स्क्वायड तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक 1535 थानों पर महिला हेल्प–डेस्क की स्थापना की गयी है, जिसके उत्साहवर्धक एवं सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। इसके साथ ही महिला सुरक्षा के दृष्टिगत पिंक बूथ बनाये गये हैं एवं पिंक पैट्रोल वाहन क्रियाशील किये गये हैं। महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों पर

पुलिस द्वारा नियंत्रण हेतु निरन्तर कड़े प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीमेन पावर लाइन—1090 व यूपी—112 का इन्ट्रीगेशन किया गया है और इस इन्ट्रीगेशन से महिला सुरक्षा को और प्रभावी बनाने का पथ प्रशस्त हुआ है।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संगठित शातिर अपराधियों/माफियाओं को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी है। उनकी सम्पत्तियां जब्त की जा रही हैं। अब तक लगभग 10 माह में इनके द्वारा आपराधिक गतिविधि से अर्जित करीब 475 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति या तो जब्त करायी गयी है या ध्वस्त की गयी है । दुर्दान्त अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अप्रत्याषित कार्यवाही भी की गई है जिसमें गत 1 वर्ष में 220 अपराधी जेल भेजे गये हैं । गत वर्ष अपराधियों के विरूद्ध की गयी प्रभावी कार्यवाहियों के दौरान हमने अपने कुछ बहुत बहादुर साथियों को खोया भी है, उनकी शहादत को मैं नमन् करता हूॅ।

अधीनस्थ कार्मिकों का मनोबल बढ़ाये रखने हेतु विगत वर्ष प्रदेश पुलिस में 25 हजार से अधिक राजपत्रित/अराजपत्रित कार्मिकों को विभिन्न पदों पर पदोन्नतियां की गयी हैं। आने वाले समय में हमें पूरे उत्साह के साथ पंचायत चुनाव के लिये तैयार रहना है। पुलिस बल की जनशक्ति में बढ़ोत्तरी के लिये प्रत्येक पदों पर भर्तियां भी की जा रही है, जिसकी प्रक्रिया विभिन्न स्तरो पर चल रही है और वर्तमान परिवेश को देखते हुए उनको आधुनिक प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं संसाधन उपलब्ध कराने के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस के आधुनिकीकरण हेतु प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अत्याधुनिक पुलिस एवं फोरेन्सिक साइन्स यूनिवर्सिटी की स्थापना का शासन द्वारा निर्णय लिया जा चुका है।

साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये प्रदेश में 16 अतिरिक्त साइबर थानों एवं साइबर फोरेन्सिक लैब की स्थापना की जा रही है।

अनुशासन एवं समय का सदुपयोग ही, हमें व्यावसायिक रूप से और अधिक दक्ष बनायेगा। शासन की अपेक्षानुसार अपराध के प्रति ''जीरो टॉलरेंस की नीति'' अपनाते

हुये अपराधमुक्त, अन्यायमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण सृजित कर कानून का राज स्थापित करने के लिये हम सभी कटिबद्ध हैं।

आज इस महान राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी देश की एकता, अखण्डता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्ण बनाये रखने के हर सम्भव यत्न करेंगे तथा उपलब्ध संसाधनों एवं जनशक्ति का सदुपयोग करते हुए, जनता की सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहेंगे।

पुनः आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

**जय हिन्द! जय भारत!**


पुलिस मुख्यालय
गणतंत्र दिवस





